है गुलशन में तू | By Mukesh Bagda

है गुलशन में तू है बहरो में तू
मेरे श्याम चाँद और सितारों में तू , सितारों में तू

है पर्वत पे धरती पे आकाश में, आकाश में, तू आकाश में
तू हर दिल की धड़कन में हर सांस में , तू हर सांस में
है नज़रो में तू हर नज़ारो में तू
मेरे श्याम चाँद और सितारों में तू , सितारों में तू

है भजनो में ग़ज़लों में हर गीत में, तू हर गीत में
तू हारे का साथी है हर जीत में , तू हर जीत में
है भक्तो के प्यारे जयकारो में तू
मेरे श्याम चाँद और सितारों में तू , सितारों में तू

नगीने में नग में तेरा नूर है, तेरा नूर है
तू कण कण में रहता नहीं दूर है, नहीं दूर है
है हीरे में मोती में हारो में तू
मेरे श्याम चाँद और सितारों में तू , सितारों में तू

जहाँ ज्योत जलती वहीँ श्याम है, वहीँ श्याम है
भक्तों के दिल में तेरा धाम है, तेरा धाम है
है भोली कहे एक हज़ारो में तू
मेरे श्याम चाँद और सितारों में तू , सितारों में तू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%82-by-mukesh-bagda/